प्रेस विज्ञप्ति

लोक भवन, राँची

दिनांक : 21 अप्रैल, 2026 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज लोक भवन, राँची स्थित दरबार हॉल में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में झारखण्ड उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री अमिताभ कुमार गुप्ता को झारखण्ड राज्य के लोकायुक्त पद की शपथ दिलाई। राज्यपाल महोदय ने न्यायमूर्ति श्री अमिताभ कुमार गुप्ता को शपथ ग्रहण के उपरांत शुभकामनाएँ दीं।

इससे पूर्व, राज्य के मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार द्वारा न्यायमूर्ति श्री अमिताभ कुमार गुप्ता की लोकायुक्त के रूप में नियुक्ति संबंधी वारंट का वाचन किया गया। तत्पश्चात् माननीय राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ॰ नितिन कुलकर्णी ने नवनियुक्त लोकायुक्त को शपथ ग्रहण हेतु आमंत्रित किया।

उक्त अवसर पर राज्य के माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन, माननीय मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर, माननीया मंत्री श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह, माननीया राज्यसभा सांसद डॉ॰ महुआ माजी, महापौर, राँची श्रीमती

रौशनी खलखो, पुलिस महानिदेशक श्रीमती तदाशा मिश्रा, अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमंडल तथा गृह विभाग श्रीमती वंदना दादेल सहित कई वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।